# आकाशवाणी शिमला

## 25.09.2024 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

**मुख्य समाचार**

- **मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–प्रदेश में उद्योगों को सस्ती दरों पर दी जा रही है बिजली–औद्योगिक विकास के लिए निरंतर सहयोग किया जाएगा सुनिश्चित।**
- **न्यायमूर्ति राजीव शकधर ने हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में ली शपथ।**
- **संजौली मस्जिद में अवैध निर्माण को लेकर राज्यपाल ने कहा–बाहर से आने वाले लोग हिमाचल को न बनाएं ऐशगाह।**
- **स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित–भाजपा कल से शिमला में लगाएगी मोदी सरकार की सचित्र प्रदर्शनी।**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार निवेशकों को बढ़ावा देने के दृष्टिगत उद्योग मित्र नीतियां बनाने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा उद्योगों को दी जाने वाली विद्युत सब्सिडी का युक्तिकरण किया गया है और पड़ोसी राज्यों की तुलना में राज्य के उद्योगों को सस्ती दरों पर विद्युत उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि 33 केवी से 2 सौ 20 केवी तक की वोल्टेज आपूर्ति वाले बड़े उद्योगों को पड़ोसी राज्यों पंजाब, हरियाणा और उत्तराखंड की तुलना में एक रुपये प्रति यूनिट से अधिक सस्ती दरों पर बिजली दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में विशेष रूप से 31 हजार 2 सौ 98 छोटे और मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और इन उद्योगों के लिए सब्सिडी व ऊर्जा शुल्क में कोई भी परिवर्तन नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्युत सब्सिडी के युक्तिकरण से प्रदेश के उद्योगों को कोई भी नुकसान नहीं होगा और औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

**शपथ**

न्यायमूर्ति राजीव शकधर ने आज प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। शिमला स्थित राजभवन में आयोजित एक सादे मगर गरिमामय समारोह में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने उन्हें शपथ दिलाई। इस अवसर पर लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल, कृषि मंत्री चंद्र कुमार, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी, प्रदेश उच्च न्यायालय व दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल, राज्य चुनाव आयुक्त अनिल खाची, विभिन्न बोर्डों और निगमों के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष, राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

**राज्यपाल**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज शिमला के निकट कुफरी में प्रादेशिक सेना के प्लेटिनम जयंती समारोह के अवसर पर सेना द्वारा किए गए कुफरी तालाब के पुनरूद्धार कार्य का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अपने गठन से लेकर अभी तक प्रादेशिक सेना भारतीय सेना के एक अंग के रूप में उल्लेखनीय कार्य कर राष्ट्र निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान दे रही है। राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रादेशिक सेना के प्लेटिनम जयंती समारोह के अवसर पर बटालियन ने इस वर्ष 15 जुलाई से 17 सितंबर, तक 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत 75 हजार पौधे लगाए हैं। शिव प्रताप शुक्ल ने कुफरी क्षेत्र के हरित आवरण को सुरक्षित बनाए रखने के लिए सभी से सेना के प्रयासों में अपना योगदान देने की जरूरत पर बल दिया।

**शांडिल**

समाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि राज्य महिला विकास निगम विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को लाभ पहुंचाकर आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में कार्य कर रहा है। सोलन जिला के कण्डाघाट में निगम के निदेशक मण्डल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने ये बात कही। शांडिल ने निदेशक मण्डल को निगम की योजनाओं का बेहतर प्रचार–प्रसार सुनिश्चित बनाने को कहा ताकि पात्र महिलाएं इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने बताया कि राज्य महिला विकास निगम द्वारा इस वित्त वर्ष में स्वरोजगार योजना के तहत 67 महिलाओं को 67 लाख रूपए के ऋण विभिन्न बैंकों के माध्यम से उपलब्ध करवाए गए हैं।

**बिंदल**

आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि महान राष्ट्रवादी विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की अन्त्योदय अवधारणा, विकसित भारत का संकल्प पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि देश के प्रति उनकी सेवा और समर्पण हमेशा याद रखा जाएगा। इस बीच प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने शिमला स्थित पार्टी मुख्यालय दीप कमल में आयोजित एक कार्यक्रम में पंडिल दीनदयाल उपाध्याय को पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के दर्शन पर आधारित राष्ट्र के विकास के लिए समर्पित है और यही अंतर भाजपा को अन्य पार्टियों से अलग करता है। बिंदल ने आरोप लगाया कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार लगातार महंगाई का बोझ बढ़ाकर लोगों को परेशान कर रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार का उद्योग विरोधी रवैया प्रदेश में बेरोजगारी को बढ़ा रहा है।

**मस्जिद मामला**

शिमला के संजौली में अवैध मस्जिद निर्माण को लेकर ऑल इंडिया मजलिस ए इतेहादुल मुसलमीन दिल्ली के अध्यक्ष शोएब जामाई ने संजौली मस्जिद पहुंच कर सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया है। उन्होंने इस वीडियो में कहा है कि मस्जिद के वैध या अवैध निर्माण को लेकर कोर्ट निर्णय लेगा और वे उच्च न्यायालय में इस संबंध में पीआइएल याचिका दायर करेंगे। उन्होंने कहा कि शिमला में और भी अवैध भवन बने हुए हैं और कानून सबके लिए एक समान है। उधर इस मामले को बढ़ता देख संजौली मस्जिद कमेटी ने शोएब जामाई के इस बयान का खंडन किया है। कमेटी ने शांत माहौल को खराब करने के लिए इस व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद लतीफ सहित अन्य लोगों ने कहा है कि वे मस्जिद के अवैध हिस्से को खुद गिराने के लिए तैयार है और इस संबंध में नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन भी दिया गया है। इस बीच देवभूमि संघर्ष समिति के संयोजक मदन ठाकुर ने आरोप लगाया कि जिला प्रशासन और पुलिस के पहरे के बावजूद शोएब जामाई ने ये वीडियो जारी कर प्रदेश का माहौल बिगाड़ने का काम किया है। उन्होंने इस मामले पर मस्जिद कमेटी को जिम्मेदार ठहराया है।

**मस्जिद मामला–2**

मस्जिद के अवैध निर्माण मामले और बाहरी राज्यों से हिमाचल आ रहे लोगों को लेकर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि बाहर से आने वाले लोग हिमाचल को ऐशगाह न बनाएं और हिमाचल की पवित्रता बनी रहनी चाहिए। उन्होंने आधार कार्ड में एक जैसी तारीख होने पर चिंता जताते हुए कहा कि प्रशासन को इसकी जांच करनी चाहिए। राज्यपाल ने बाहर से आने वाले नशा तस्करों पर भी लगाम लगाने की जरूरत बताई।

वहीं इस मामले पर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने दो टूक कहा है कि मस्जिद में अवैध निर्माण का मामला कोर्ट में विचाराधीन है और मस्जिद में वीडियो बनाकर सनसनी फैलाना दुर्भाग्यपूर्ण है और इस पर कार्रवाई होनी चाहिए।

**स्वच्छता अभियान**

स्वच्छता ही सेवा–2024 पखवाड़े के तहत इस वर्ष 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर कई स्थानों पर सफाई व जागरूकता अभियान आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में हमीरपुर जिले की विभिन्न पंचायतों और शहरी निकायों में व्यापक सफाई अभियान चलाया गया है। जिला ग्रामीण विकास अभिकरण की परियोजना अधिकारी अस्मिता ठाकुर ने बताया कि अभियान के दौरान शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में गंदगी और कूड़े के ढेर वाले स्थान चिह्नित करके इनकी सफाई की जा रही है। इन क्षेत्रों में जलस्रोतों को साफ करने के अलावा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया जा रहा है। अभियान के दौरान 'एक पेड़ मां के नाम' योजना के तहत पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं।

**त्रिलोक कपूर**

प्रदेश भाजपा महामंत्री त्रिलोक कपूर ने कहा है कि प्रदेश में 17 सितम्बर से 2 अक्तूबर तक मनाए जा रहे स्वच्छता सेवा पखवाड़े के अंतर्गत भाजपा द्वारा 26, 27 व 28 सितम्बर को शिमला के मॉल रोड़ स्थित रोटरी क्लब के टैरेस पर केन्द्र की मोदी सरकार की सचित्र प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसका उद्घाटन नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिन्दल और प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन द्वारा किया जाएगा। इस प्रदर्शनी के माध्यम से मोदी सरकार की उपलब्धियों के बारे में लोगों को जानकारी दी जाएगी।

**सुंदर ठाकुर**

मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर ने आज राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में आयोजित तीन दिवसीय इंटर कॉलेज वूमेन फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रदेश का चहुंमुखी विकास करने के लिए तत्पर है। मुख्य संसदीय सचिव ने कहा कि सरकार शिक्षा और खेलों को विशेष महत्व देकर युवाओं को भविष्य में प्रत्येक क्षेत्र में बेहतर करियर निर्माण करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। इस बीच सुंदर सिंह ठाकुर ने आज स्वास्थ्य विभाग के जरी ब्लॉक के पारला भुंतर में शहरी स्वास्थ्य व वेलनेस केंद्र का शुभारंभ भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस वेलनेस सेंटर से विशेषकर बुजुर्गों व महिलाओं को अब स्वास्थ्य की छोटी–छोटी समस्याओं को लेकर दूर नहीं जाना पड़ेगा।

**फुटबाल प्रतियोगिता**

51वीं अखिल भारतीय ग्रीष्मकालीन फुटबाल प्रतियोगिता आज मंडी के पड्डल मैदान में शुरू हुई। प्रतियोगिता का शुभारम्भ अखिल भारतीय ग्रीष्मकालीन फुटबाल प्रतियोगिता की आयोजन समिति के अध्यक्ष व उपायुक्त अपूर्व देवगन ने किया। प्रतियोगिता में हिमाचल सहित अन्य राज्यों की आठ टीमें हिस्सा ले रही हैं। उपायुक्त ने बताया कि नशा मुक्त मंडी का संदेश देने के लिए इस प्रतियोगिता के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों को नशे के खातमे के लिए शपथ भी दिलाई।